# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी की अनिश्चितकालीन हड़ताल

- पावटा उपखंड कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन पर बैठे
- राजस्व से जुड़े काम हुए प्रभावित

**पावटा।** राजस्थान पटवार संघ के आव्हान पर पावटा उपखंड के सभी पटवारी सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सभी पटवारियों ने पावटा उपखंड कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य शासन सचिव के नाम तहसीलदार विकास कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक पावटा पटवार संघ अध्यक्ष महेश स्वामी ने बताया कि राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले सोमवार से हड़ताल पर हैं। पटवार संघ अपनी लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहा है। उनका आरोप है कि इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भी दिए। लेकिन अभी तक उनकी मांगों को लेकर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके चलते उन्होंने सोमवार से कार्य बहिष्कार का निर्णय किया है। सरकार की ओर से राजस्थान पटवार संघ की मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में पूरे प्रदेश में पटवारी की ओर से किए जाने वाले कार्य ठप रहेंगे। पटवारी के आंदोलन से प्रशासन के अभियान भी ठप रहेंगे।प्रदेशभर के पटवारी अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। इसी के विरोधस्वरूप पटवारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है, जिसके तहत कोई भी पटवारी काम नहीं करेगा। मांगों में राजस्वकर्मियों को लैपटॉप और प्रिंटर मुहैया करवाना, समय पर पदोन्नित करना, पटवारियों के अभाव अभियोग का निस्तारण करना, और रबी फसल की ऑनलाइन गिरदावरी करना सहित अन्य मांगे शामिल हैं। जब तक इन मांगों का समाधान नहीं होगा, तब तक पटवारी काम बंद रखेंगे। धरना स्थल पर ब्लॉक पावटा पटवार संघ अध्यक्ष महेश स्वामी, पटवारी महेश रावत, कल्पना चौधरी, मुकेश वर्मा, जीतू चौधरी, नवीन, अनिल मिश्रा, रेखा मीणा, कानूनगो संजय गुप्ता सहित कई पटवारी मौजूद रहे।




9 सूत्रीय मांगों को लेकर सभी पटवारियों ने पावटा उपखंड कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

## भूमि पूजन के साथ ही मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ

**बौंली-बामनवास** । क्षेत्र के बरनाला तहसील मुख्यालय के तिगरिया गांव में बुधवार को सभी ग्रामीणों ने एकत्रित होकर विधि विधान से पूजन कर मोरा माताजी मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। तिगरिया गांव में प्रात: काल में घुणावत, गोहली,व प्रजापत मोहल्ला, आबादी ढाणी सहित अन्य मुख्य मार्गों से मोरा माताजी की भव्य झांकी सजाकर ध्वज, पताका सहित व धार्मिक धूनों से गाजे बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली। शोभा यात्रा के साथ माता, बहने कलश अपने सर पर रखकर कलश यात्रा के साथ ग्रामीण वेशभूषा में शामिल थी। प्रभात फेरी, शोभा यात्रा व कलश यात्रा के बाद प्रात: 9 बजे मोरा माता जी की के प्रस्तावित मंदिर भूमि पर पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से भूमि पूजन कराकर मंदिर की नींव रखी गई। इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किए गए। इसके बाद प्रस्तावित मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में रामकेश, कालूराम, सत्यनारायण, मुकेश, सचिन, श्यामलाल व घनश्याम डीलर सहित सैकड़ो ग्रामीण महिला, पुरुष व बालक, बालिकाएं शामिल थे।

## सार-समाचार

### स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**पावटा।** पाथरेडी में पाथरेडी बाबा भोमिया मंदिर में शिवालय व बजरंगबली मंदिर व राजकीय सीनियर स्कूल मे मां सरस्वती मूर्ति की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे 8 फरवरी 2025 शनिवार को स्वागत समारोह व भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन कोटपुतली एडवोकेट प्रेम प्रकाश शर्मा व एडवोकेट पवन शर्मा ने बताया कि इस दौरान हरियाणा व राजस्थान के मशहूर गायक कलाकारों राजबाला बहादुरगढ़ , विनोद मेहता एंड पार्टी, संजय पटेल, रोहिताश दायमा, कंचन यादव व डांसर डिंपल पंजाबन एवं राजस्थान के मशहूर लेखक व गायक गिरिराज लालवाड़ी, डीजे किंग मुकेश मुक्कड केहरपुर द्वारा सांस्कृतिक एवं रागिनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा भोमिया मंदिर के सामने पाथरेडी मे 7 फरवरी शुक्रवार को रात्रि 8.15 बजे सुंदर कांड पाठ व 8 फरवरी शनिवार को सुबह 9.15 बजे से 11 बजे तक स्वागत समारोह जिसमे सभी दानदाताओं व पाथरेडी गांव के प्रतिभावान छात्र-छात्राओ एवं अन्य प्रतिभाओ को सम्मानित किया जायेगा। वही 11 बजे से भंडारा व प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### फल बेचने वाले को किया सम्मानित

**बौंली-बामनवास** । सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर बुधवार को सेना दिवस के अवसर पर वतन फाउंडेशन की टीम द्वारा ठेला लगाकर फल बेचने वाले ईमानदार व्यक्ति को सम्मानित किया गया। इस दौरान वतन फाउंडेशन के हुसैन आर्मी व इलतान आर्मी सहित अन्य सदस्यों ने ठेला लगाकर फल बेचने वाले ईमानदार आजाद खान को माला व साफा पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। इस ईमानदार आजाद खान ने एक अनजान व्यक्ति को उसके गिरे हुए 1लाख रुपए वापस लौट कर ईमानदारी व सच्चाई की मिसाइल कायम की थी। इस दौरान वतन फाउंडेशन के हुसैन आर्मी ने कहा कि आज सेना दिवस है हमारी सेना देश की रक्षा में अपनी वफादारी निभा रही है इसी तरह आम नागरिक भी ईमानदारी दिखाएंगे तो देश सुरक्षित रहकर खुशहाल व खूबसूरत बन जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कैलाश सिसोदिया, मुकेश जैन व नरेश शर्मा सहित आमजन उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत मुण्डावरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। सत्र 2024-25 में अध्ययनरत 25 छात्राओं को सरकार की इस योजना का लाभ मिला। विद्यालय के स्टाफ द्वारा जरूरतमंद 100 विद्यार्थियों को स्वेटर भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर सिंह मीणा ने ग्रामीणों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि रोहिताश सैनी, गिर्राज गोयल, पूर्व सरपंच राजेंद्र प्रसाद, सीताराम सैनी, रामकिशन बाज्या, बजरंग सैनी और मोती लाल जांगिड समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### स्वेटर पाकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे

**श्रीमाधोपुर** । राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय डाबर का बालाजी अरनिया जिला सीकर में श्रीमती धर्मावती देवी छोटू राम बरोलिया सेवा संस्थान श्रीमाधोपुर के द्वारा कक्षा 1 से 10 तक अध्यनरत समस्त छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक शंकर लाल सैनी अध्यापक ने बताया कि वेद प्रकाश बरोलिया, डॉक्टर अरविंद बरोलिया के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्रभारी राजेंद्र कुमार रैगर प्रधानाचार्य मूंडरू एवं विशिष्ट अतिथि कृपाशंकर बरोलिया नरेंद्र बरोलिया रहे। भामाशाह प्रेरक सांवरमल वर्मा द्वारा भामाशाहों को प्रेरित कर स्वेटर वितरण एवं पूर्व में भी उक्त भामाशाहों से ही एक ऑफिस टेबल दी गई थी। कार्यक्रम का संचालन शंकर प्रसाद शर्मा ने किया । सुरेंद्र कुमार कार्यवाहक संस्था प्रधान द्वारा सभी भामाशाहो का साफा एवं मालाओं के द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मनोज कुमार मुकेश कुमार राम किशोर सैनी सुनीता मनीषा आदि उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार भामाशाहों का का आभार प्रकट किया है।

### भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान आगाज आज से

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में सोलह दिवसीय भक्तामर महामण्डल विधान का शुभारंभ गुरूवार से आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज, बालाचार्य निपूर्णनन्दी महाराज ससंघ, गणिनी आर्यिका श्रुतमति माताजी व आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। चातुर्मास कमेठी अध्यक्ष सुनील भाणजा व मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि विधानाचार्य पण्डित सुरेश के शास्त्री के निर्देशन में 16 जनवरी को सुबह ध्वजारोहण के साथ 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल विधान का आगाज होगा। इसके बाद प्रतिदिन गाजे बाजे के साथ संगीतकार मुकेश मीत एण्ड पार्टी महुवा के द्वारा विधान अनुष्ठान की पूजा अर्चना की जाएगी। उन्होंने बताया कि श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मन्दिर में भक्तामर महामण्डल विधान के तहत एक-एक काव्य के बीजाक्षरों पर भक्ति भाव से संगीत की मधुर स्वर लहरियों से पूजा-आराधना की जायेगी। उन्होंने बताया कि सोलह दिवसीय भक्तामर महामण्डल विधान को लेकर 125 परिवारों द्वारा अलग-अलग मंडल पर श्रीफल चढाए जाएंगे।

### ग्रामीणों की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** जिले के ग्राम नांगल पण्डितपुरा के ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मृत्यु भोज बंद करने का निर्णय लिया। साथ ही पुत्र जन्मोत्सव भोज भी बंद करने का निर्णय लिया। गांव में छुछक भरना एवं भरवाना पहले से ही बंद है। इसके अलावा गांव में डी.जे. को भी पूर्ण रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया। इसकी पालना ना करने पर सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय भी लिया गया।

## श्री बद्रीनाथ के दरबार में श्रद्धालु ने चढ़ाया चांदी का छत्र वं मुकुट

**निवाई।** श्री बद्रीनाथ धाम नटवाडा में श्री बद्रीनाथ मंदिर में श्रद्धालु ने भगवान के दरबार में चांदी का छत्र, मुकुट एवं पोशाक का पूजन करवाकर चढ़ाया। समाजसेवी कैलाश विजय, राजेंद्र विजय, बद्री विजय व बबलेश विजय सहित कई श्रद्धालुओं ने बताया कि विजयवर्गीय परिवार की ओर से मन्नत पूरी होने पर दीप प्रज्ज्वलित कर मंत्रोच्चारण के साथ चांदी का छत्र एवं मुकुट भगवान के चरणों मे अर्पित किया गया है।

विश्व शांति एवं सभी के कल्याणार्थ भगवान के विशेष शृंगार के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। मंदिर में चढ़ाया गया यह छत्र एवं मुकुट सवा किलों चांदी का है। जिसकी कीमत लगभग एक लाख के करीब बताई गई। श्री बद्रीनाथ मंदिर में इससे पहले भी सोने-चांदी के छत्र, मुकुट व अन्य आभुषण दान के रूप में भक्त चढ़ाते रहते हैं और इसके अलावा और कई दान संबंधी कार्य करते रहते हैं।

भगवान को मुकुट व छत्र चढाने के लिए गाँव की कई महिलाओं शोभा यात्रा में सहभागिता दी। बस स्टेंड से गाँव के मुख्य मार्ग होते हुए श्री बद्रीनाथ धाम तक गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान गाँव के लोगों ने घर-घर दरवाजे पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमलेश विजय, राजेश विजय, ओम विजय, जितेंद्र विजय, आदित्य विजय, जानू, प्रिंस विजय, चन्द्रकांता देवी, गीता देवी व पूर्व सरपंच रेणु विजय सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि समारोह आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पूरण नगर स्थित शिव आश्रम पर महंत श्री श्री 1008 श्री अर्जन नाथ जी महाराज की तपोस्थली पर उनका पुण्यतिथि समारोह बुधवार को पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस मौके पर आयोजित भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालूओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। वहीं मक्खन म्हासी एवं शिम्भू मूसनौता एण्ड पार्टी ने एक से बढकर एक धार्मिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कसाना ने कहा कि धर्म हो चाहे राजनीति सभी का लक्ष्य समाज कल्याण है। हम सभी को दीन दुखियों की सेवा में तत्पर रहकर कार्य करना चाहिये। महंत अयोध्या नाथ जी महाराज ने आर्शीवचन कहे। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, दयाराम, उमराव मास्टर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## घने कोहरे और शीतलहर के कारण जनजीवन प्रभावित

- कोहरे और शीतलहर ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

**पावटा।** घने कोहरा और शीतलहर से पिछले तीन-चार दिनो से जनजीवन पुरी तरह प्रभावित है। बुधवार को शहर , गांव और हाईवे कोहरे में ढक गए, जिससे वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। घने कोहरा के कारण मात्र दस से बीस मीटर की दुरी सामने दिखाई दे रही थी। बिना हेड लाईट जलाये वाहन चलाना मुश्किल हो गया।

लोग ठंड से बचने के लिए आग जलाकर हाथ व शरीर सेकते नजर आये। घरों व दुकानों पर लोग अंगीठी व हीटर जलाकर ठंड से अपना बचाव करने में लगे हुए हैं। घने कोहरे का असर ट्रैफिक पर भी देखने को मिल रहा है और गाड़ियां सड़कों पर रेंग रही हैं। शीतलहर लगातार लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। कोहरा एवं शीतलहर से सबसे ज्यादा परेशानी छोटे स्कूली बच्चो को हुई। सुबह तैयार होकर स्कूल समय से पहुंचना पड़ रहा है।

पिछले दो दिनों से मौसम पूरी तरह से साफ था। कोहरा न होने से लोगों को सर्द हवाओं के चलने के बावजूद ठंड का अहसास कम हुआ, लेकिन शुक्रवार तड़के अचानक आसमान में घना कोहरा छा गया। पावटा कस्बा व आस पास के क्षेत्र सहित हाईवे पर कोहरे के चलते रास्ता पूरी तरह से गायब हो गया था। हाईवे पर लगातार चलने वाले वाहन चालक भी कोहरे की अधिकता को देखते हुए सड़क किनारे अपने वाहन खड़े कर रूक गए थे। वहीं सवेरे सड़कों पर वॉक करने वाले लोगों को भी धुंध में रास्ता दिखाई नहीं दिया। कुछ लोग तो घना कोहरा और सर्द हवाओं को देखते हुए अपने घर लौट गए। वहीं दोपहर 12 बजे तक आसमान से कोहरा पूरी तरह से छट गया था। सूर्यदेव की दस्तक के बाद आसमान पूरी तरह से साफ रहा और चमचमाती धूप निकलने से लोगों को राहत मिल सकी। देर शाम होते ही सर्द हवाओं का दौर बना रहा।

## महाराजा शूर सैनी की जयंती मनाई

**कोटपूतली।** सैनी सभा संस्था के भवन नं. 01 में जन प्रमुख रामौतार सैनी की अध्यक्षता में मकर संक्रांति एवं महाराजा शूर सैनी की जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने महाराजा शूर सैनी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सैनी सभा संस्था की नवीन कार्यकारिणी गठन के लिये सुझाव लिये गये तथा विचार विमर्श कर सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बनाने के बाद चुनाव करवाने पर चर्चा की गई। आगे की चुनावी कार्यवाही जन समिति सैनी सभा संस्था द्वारा तय की जायेगी। इस दौरान बिड़दीचन्द हवलदार, हनुमान नेताजी, जगदीश प्रसाद खेमजी, धर्मवीर सैनी, राजकुमार गुरुजी, राकेश कुमार सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, रमेश भगतजी, कैलाश सैनी, नत्थूराम सैनी, प्रहलाद सैनी, रणजीत सैनी, बाबूलाल सैनी, चिमनलाल सैनी, फूलचंद सैनी, रामकुमार सैनी, ओमप्रकाश सैनी, एड. योगेश सैनी, श्यामलाल सैनी, सुवालाल सैनी, सीताराम, रामसिंह सैनी व राजेश सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## राजमार्ग कट को टीम ने किया बंद

- पावटा सर्विस रोड जाम में फंसी रही एंबुलेंस और पुलिस गाड़ी

**पावटा।** कस्बा राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित सीएचसी कट को एनएचएआई की टीम ने बंद कर दिया गया है, ताकि सड़क हादसों पर लगाम लग सके। बस स्टैंड से महज 200 मीटर की दूरी पर सरकारी अस्पताल है। लेकिन सीएचसीकट बंद होने के बाद आपातकालीन सेवाओं के लिए महज केवल सर्विस रोड ही बचता है। यहां पर हर समय एंबुलेंस व निजी वाहनों से गंभीर मरीजों का आना जाना रहता है। लेकिन दिन में बैंक के सामने व सर्विस रोड के दोनो तरफ लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं।

जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है। वही सर्विस रोड किनारे दोनो तरफ चोपहिया व दुपहिया वाहन खड़े होने से जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इससे अक्सर मरीज लेकर आए वाहन यहां पर जाम में फंस जाते हैं। जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जाम में पुलिस वाहन के साथ-साथ एंबुलेंस भी फंसी रही। पुलिस वाहन में सवार पुलिस कर्मी भी काफी देर तक जाम टूटने का इंतजार करते रहे। पावटा कस्बे में सड़कों पर यातायात व्यवस्था चरमा गई है, आए दिन मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।

जाम में फंसे लोग घंटों जाम खुलने का इंतजार करते हैं। बता दें कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था इतनी खराब हो गई है कि एम्बुलेंस व पुलिस की गाड़ी भी जाम में फंसी देखी गई । लेकिन अब तक न तो प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए कोई ठोस कदम उठाया है। जिस कारण ये समस्या ज्यों के त्यों बनी हुई है।

## न्यायाधीश ने किया उप कारागृह का निरीक्षण

**टोंक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा उप कारागृह, मालपुरा का निरीक्षण कर सम्पूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया गया। मुख्य प्रहरी अब्दुल वहाब ने न्यायाधीश को कारागार की व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी दी। दौराने निरीक्षण कुल 31 बंदी पाए गए। न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं व बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में नि:शुल्क विधिक सहायता के तहत प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान जमानत होने के बावजूद उप कारागृह में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों को जमानत शर्तों के मुताबिक जमानत मुचलके पेश करने एवं आवश्यक विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु निर्देश प्रदान किये।

## श्रीमाधोपुर गौशाला में गौ माता को मिलेगा गंगाजल

- भामाशाह कैलाश शर्मा ने एक माह तक मीठा दलिया गायों के लिए भेंट

**श्रीमाधोपुर** । प्रधानमंत्री महत्वाकांक्षी नमामि गंगाजलस परियोजना को स्थानीय जन चेतना जागृत करने के उद्देश्य को लेकरह राजस्थान मैं श्रीमाधोपुर कस्बे के वरिष्ठ शिक्षाविद् स्वर्गीय श्री बद्री नारायण शर्मा चमचीवाले के दिल्ली प्रवासी पुत्र कैलाश चन्द्र शर्मा, अध्यक्ष ग्लोबल फिलोसोफी ट्रस्टह दिल्ली के सौजन्य से आयोजित श्रीकृष्ण गौशाला श्रीमाधोपुर की गौमाताओं को प्रतिदिन एक माहह 14. जनवरी से 14 फरवरी तक खिलाए जाने वाले सूखे मीठे दलिए का शुभारम्भ किया।साथ ही प्रधानमंत्री की महत्त्वाकांक्षी नमामि गंगा परियोजना को स्थानीय जन-चेतना से जोड़ते हुए उक्त गोशाला की गोमाताओं के पेयजल में प्रतिदिन गंगाजल सम्मिश्रित करनेह की पावन योजना का भी शुभारम्भ किया गया है।इसके अतिरिक्त शर्मा ने गौशाला के समस्त कर्मचारियों को कम्बल वितरण के शुभ कार्य को भी सम्पन्न किया।

गौशाला के अध्यक्ष ने ब्राह्मण समुदाय समिति के सदस्यों ने एवं कस्बे के उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने भी श्री कैलाश चन्द्र शर्मा के इन सभी जनकल्याणकारी शुभ कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे ही शुभ कार्यों को जारी रखने की प्रबल अपेक्षा की गई।कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष सुरेश वशिष्ठ ने कैलाश चन्द्र शर्मा, अध्यक्ष ग्लोबल फिलोसोफी ट्रस्ट दिल्ली का स्वागत करने के उपरान्त एक प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध भी किया कि गौशाला की अस्वस्थ गायों की चिकित्सा के लिये आवश्यक दवाइयाँ तथा ग्वार-कोरमा आयल भी गौशाला को ग्लोबल फिलोसोफी ट्रस्ट दिल्ली द्वारा उपलब्ध करवाया जावे, जिस पर अध्यक्ष कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया गया।

## 7 हॉलो का निर्माण भामाशाह ने कराया


**मनोहरपुर** । मकरसंक्रांति पर दिनभर दान-पुण्य का असर दिखा, 51 किलो दलिया लापसी बनाकर गौमाता को खिलाया, भामाशाह बिकानेर से मांगीलाल सोनी श्री गुरु महाराज श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन संत श्री शिवराम दास जी महाराज जी की पुण्यतिथि पर उनके परिजन रामगोपाल मंगल चौधरी (बलोदा) अनोपपुरा कालाडेरा रिंगस वाले, 2 श्री कृष्णा एजुकेशन गुर्प के स्वर्गीय श्री रामचन्द्र बाडीगर निवासी नवलपुरा के परिजनों द्वारा श्रीमती कमलादेवी यादव पुत्र शेर सिंह बाडीगर, 3 स्वर्गीय मास्टर रामेश्वर खोल्डिया निवासी चक मनोहरपुर की धर्मपत्नी श्रीमती मालीदेवी यादव व पुत्रों नारायण,जयनारायण, मेघराज यादव, 4 स्वर्गीय श्रीमती मन्नी देवी धर्मपत्नी भोलाराम गिलिया पुत्र फूलचंद गिलिया, बाबूलाल यादव इन सभी पुण्य आत्माओं की पुण्यतिथि पर सम्बन्धित परिजनों द्वारा 1-1 हॉल निर्माण 5 श्री श्याम गौसेवा सत्संग मण्डल संकीर्तन चड़ावा के द्वारा 3 हॉल निर्माण भूतनाथ आश्रम के महंत श्री श्री 108 सेवक दास जी महाराज के मंगलमय सान्निध्य व करकमलों द्वारा गौभक्तों की गरिमा उपस्थित के साथ 14 जनवरी 2025 मकरसंक्रांति पर हॉल का लोकार्पण समारोह सम्पन्न किया गया हॉल निर्माण में सहयोग राशि 151000 रुपये जमा करवा कर गौ सेवार्थ हॉल गऊ चरणों में समर्पित किया ! सभी गौभक्त अपने हाथों से हरा चारा खिलाया।

## श्री राधा कृष्ण गौशाला में 1100 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

- ड्रोन व जेसीबी से फूल बरसाकर जगह जागर किया स्वागत

**सावरदा** । कस्बे के नरेना रोड पर स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला मे बुधवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गांव में कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। श्री श्री 1008 आचार्य श्री ओमप्रकाश दास महाराज ने श्री पंचमुखी बालाजी बालाजी महाराज के मंदिर से सुबह 11 बजे गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा को प्रारंभ किया। इससे पहले आरती, कलश, पोथी व ध्वज की बोली लगाई गई।

जिसमें ध्वज की बोली 21 हजार 101 रुपए रामधन नील, आरती की 22 हजार 551 रुपए गोपाल दाऊ, पोथी की बोली गोपीराम भामु 31 हजार 101 रुपए , कलश की लालाराम नील 21 हजार 101 रुपए मे छुटी। इस दौरान यजमानों का ग्रामीणों के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में 1100 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते चल रही थी। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों पर होकर निकाली गई। शोभायात्रा मे सर्व समाज के द्वारा ड्रोन व जेसीबी से जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वही डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते हुए नजर आए,कलश यात्रा में श्याम भक्तों का हुजूम उमड़ा और उनके द्वारा लगाए गए जयकारों से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। कलश यात्रा भ्रमण करते हुए गौशाला पहुंची, महिलाओं ने कलश रखकर भंडारे में प्रसादी ग्रहण कर कथा सुनी। साध्वी सुभद्रा कुमारी ने पहलीदिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। इस दौरान संरक्षण पं. दुर्गादत शर्मा, गौशाला अध्यक्ष छोटू प्रजापत, कथा समिति अध्यक्ष शिवनारायण रियाड, गौरीशंकर कुमावत, दशरत सिंह खंगारोत, नरपत सिंह खंगारोत, रामजीलाल रणवा, छोटू कुमावत, सूरजकरण रियाड, पहलाद दास स्वामी, देवीचंद रैगर, शंकर नील, बजरंग रणवा, रूपनारायण नील, देवेंद्र सिंह सहित आस पास के सैकड़ो लोग मौजूद थे।



श्री राधा कृष्ण गौशाला मे बुधवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ ।

## यातायात पुलिस फेल, जाम से बेहाल हुआ कोटपूतली

**कोटपूतली।** भले ही कोटपूतली-बहरोड़ जिला बनने के बाद जिला कलेक्टर से लेकर एसपी सहित तमाम अधिकारी यहां लगा दिये गये है किन्तु यदि शहर की यातायात व्यवस्था को देखा जाये तो यहां ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ होती है। युं तो मुख्य चौराहा स्थित पुलिया के नीचे ट्राफिक इंचार्ज सहित यातायात पुलिसकर्मीयों की तैनाती कि गई है। लेकिन यहां तैनात यातायात पुलिसकर्मियों की उदासीनता के चलते आये दिन शहर में जाम के हालात बने रहते है। हालात यह हैं कि जिन पुलिसकर्मियों के हवाले यहां की यातायात व्यवस्था है वे या तो पुल के नीचे बने बुथ में बातों में मसगुल रहते है या फिर दांयें-बायें रहते हैं नतीजन सर्विस लेन पर आने वाली नीजी व रोडवेज बसें बीच सड़क पर खड़ी रहती है इतना ही नहीं कई वाहन चालक तो सड़क पर वाहन खडे.कर दायें बांये भी चले जाते है। जिसके चलते यहां कि यातायात व्यस्था बेपटरी हो जाती है। बुधवार दोपहर बाद कस्बे से होकर गुजर रहे जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सर्विस लेन पर लम्बा जाम लग गया। लगातार जाम की स्थिति रहने से सर्विस लेन से जुड़ रहे सभी आम रास्तों पर भी जाम की स्थिति बन गई।

## मकर संक्रांति का पर्व संस्कृति धूमधाम से मनाया

**अचरोल** । मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति और परंपरा में विशेष महत्व रखता है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, जिसे शुभ माना जाता है। गुणावता गांव में इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के पंच पटेल मालचंद मीणा, पूर्व उपसरपंच लाला राम मीणा, श्रीमान गणेश नारायण मीणा, मूलचंद मीणा, युवा नेता रूपनारायण मीणा, लाल राम मीणा बस स्टैंड, महेश खंडेलवाल और मूलचंद ब्याडवाल ईकाई अध्यक्ष लबाना ने विशेष रूप से भाग लिया।

गांव के लोगों ने इस पावन पर्व को मिलजुलकर मनाया और सामाजिक एकता का परिचय दिया। उन्होंने एक साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान किया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। मिठाइयों में तिल-गुड़ के लड्डू और खिचड़ी प्रमुख रूप से बनाए गए, जो मकर संक्रांति की परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं। पर्व की खुशियों को और बढ़ाने के लिए सभी ने मिलकर पतंग उड़ाई। रंग-बिरंगी पतंगों ने आकाश को सजा दिया और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई इस मनोरंजन में शामिल हुआ। पतंगबाजी के साथ-साथ गांव के युवाओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर गांव की एकता और विकास को लेकर चर्चा भी की गई। पंच पटेल मालचंद मीणा ने सभी गांववासियों को एकजुट होकर रहने और एक-दूसरे की मदद करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व हमें आपसी भाईचारे और सहयोग का संदेश देता है। इसी भावना को अपनाकर हम अपने गांव को समस्याओं से मुक्त और विकासशील बना सकते हैं।

पूर्व उपसरपंच लाला राम मीणा और युवा नेता रूपनारायण मीणा व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने गांव की समस्याओं, जैसे कि जल संकट, सड़कें, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर चर्चा की। इन समस्याओं के समाधान के लिए सभी ने मिलकर काम करने का संकल्प लिया। गांव के बुजुर्गों ने इस बात पर जोर दिया कि त्योहारों का असली उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में प्रेम और सौहार्द बढ़ाना है। बच्चों और युवाओं को भी संस्कारों और परंपराओं से परिचित कराया गया, ताकि वे अपनी संस्कृति को समझ सकें और आगे बढ़ा सकें। गांव के लोगों ने इस पर्व को केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी मनाया। उन्होंने इस दिन को एक दूसरे के साथ समय बिताने, संवाद करने और मिलजुलकर कार्य करने का अवसर बनाया।